दिनांक 01.02.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कचांदुर शासकीय अस्पताल दुर्ग के लिए चलेगी सिटी बस

भिलाईनगर। चन्दुलाल चंद्राकर मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल कचांदुर दुर्ग में इलाज हेतु आने वाले मरीजो व उनके परिजनो के तथा पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी नगर निगम भिलाई ने बस सेवा प्रारंभ किया है , जो दिन में दो फेरा करेगी। दुर्ग बस स्टेण्ड से प्रातः 9 बजे रवाना होकर 10 बजे हास्पिटल कचांदुर पहुॅचेगी और 12 बजे हास्पिटल से प्रस्थान कर 1 बजे दुर्ग बस स्टेण्ड आगमन होगा. उसी दिन दुसरा फेरा दोपहर 2 बजे दुर्ग बस स्टैंड से प्रस्थान कर 3 बजे कचांदुर हास्पिटल पहुॅचने के पश्चात 4 बजे हास्पिटल से निकल कर 5 बजे सायं को दुर्ग बस स्टेण्ड पहुॅचेगी। सिटी बस अपने फेरे के दौरान दुर्ग बस स्टेण्ड से प्रस्थान कर मालवीय चौक दुर्ग , नेहरू नगर चौक भिलाई, सूर्यामॉल चौक जुनवानी, अवंति बाई चौक कोहका, रूंगटा कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद मार्ग से होते हुए चन्दुलाल चंद्राकर हास्पिटल कचांदुर पहुॅचेगी तथा वापसी भी इसी मार्ग से होगी।

कचांदुर का शासकीय हास्पिटल शहर से दुर होने के कारण वहॉ इलाज के लिए आने वाले मरीज व उनके परिजनों तथा वहॉ अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को आने जाने में परेशानी उठाना पड़ रहा था। सिटी बस के प्रारंभ हो जाने से लोगो को आवागमन में सुविधा रहेगा।